दैनिक
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 153 मुरादाबाद, 22 September 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करें:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दाम में

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान राम से जुड़े स्थानों को दी जाएगी पहचान, हर जगह स्थापित किया जाएगा राम स्तंभ

भगवान श्रीराम से जुड़े स्थानों पर एक स्तंभ की स्थापना की जाएगी। जिसका पूरा खर्च अशोक सिंघल फाउंडेशन वहन करेगा। इसकी जानकारी श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी।

अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है और अब प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। समारोह का आयोजन जनवरी के महीने में होगा। मंदिर निर्माण के साथ ही भगवान श्रीराम के जीवन और महत्व से जुड़े स्थानों को भी पहचान दी जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए अशोक सिंघल फाउंडेशन ने योजना तैयार की है जिसका जिक्र श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने किया है।मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि दिल्ली में स्थित अशोक सिंघल फाउंडेशन ने विचार किया है कि भगवान श्रीराम के जीवन और महत्व से जुड़े स्थानों पर फाउंडेशन की तरफ से एक विशेष स्तम्भ की स्थापना की जाएगी। जिस पर उस स्थान के बारे में वाल्मीकि रामायण में वर्णित श्लोक और उनका अर्थ स्थानीय भाषा में लिखा जाएगा।इस पूरे कार्य के लिए सरकार से कोई आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाएगा बल्कि पूरा खर्च अशोक सिंघल वहन फाउंडेशन करेगा। उन्होंने बताया कि पहला स्तंभ 27 सितंबर को अयोध्या पहुंच जाएगा जिसे मणि पर्वत पर स्थापित किया जाएगा।

## लोकसभा: 'पूरी हिम्मत है, सीना चौड़ा कर के चर्चा को तैयार', चीन पर कांग्रेस के सवाल पर भड़के राजनाथ सिंह

लोकसभा में जिस वक्त राजनाथ सिंह महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सांसदों को धन्यवाद दे रहे थे, उसी दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें कई बार बाधित करने की कोशिश की। अधीर रंजन ने राजनाथ से चीन पर सवाल करने की कोशिश की। इसके बाद रक्षा मंत्री ने उन्हें जवाब दिया। संसद के विशेष सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पर बहस जारी है। जहां लोकसभा में गुरुवार को पीएम मोदी ने इसके लिए सभी सांसदों को धन्यवाद दिया, तो वहीं राजनाथ सिंह ने भी विपक्ष के सहयोग की तारीफ की। हालांकि, इस बीच एक मौका ऐसा भी आया, जब आमतौर पर शांत रहने वाले राजनाथ सिंह अचानक ही अपने वक्तव्य को छोड़कर कांग्रेस को जवाब देने लगे। यह मामला था चीन से जुड़े एक सवाल का, जिस पर कांग्रेस ने बार-बार रक्षा मंत्री के भाषण को बाधित करने की कोशिश की। इसके बाद राजनाथ ने अपने जवाब से विपक्ष की बोलती बंद कर दी। लोकसभा में क्या वाकया हुआ? लोकसभा में जिस वक्त राजनाथ सिंह महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सांसदों को धन्यवाद दे रहे थे, उसी दौरान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उन्हें कई बार बाधित करने की कोशिश की। अधीर रंजन ने राजनाथ से चीन पर सवाल करने की कोशिश की। एक-दो मौकों पर राजनाथ ने उन्हें टाला। हालांकि, जब अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि क्या सरकार के पास लद्दाख में चीन से टकराव के मुद्दे पर चर्चा की हिम्मत है, तो राजनाथ बिफर गए। उन्होंने कहा, पूरी हिम्मत है... राजनाथ ने यह कई बार दोहराया भी। इसके बावजूद जब अधीर




रंजन नहीं रुके, तो राजनाथ ने कहा, अधीर रंजन जी इतिहास में मत जाओ। चर्चा चीन पर भी होगी। इसके बाद अधीर रंजन ने कहा कि सरकार ने आश्वसान दिया था कि चीन पर चर्चा होगी, लेकिन आपने वादा पूरा नहीं किया। इस पर राजनाथ ने कहा, हमने सुन ली आपकी बात, अब हमारी भी सुन लो। रक्षा मंत्री ने कहा कि मैं चर्चा को तैयार हूं और सीना चौड़ा कर के चर्चा के लिए तैयार हूं। भारत की संस्कृति को विज्ञान विरोधी कहने वालों को कुछ मालूम नहीं राजनाथ सिंह ने 'चंद्रयान-3' की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), वैज्ञानिकों और देशावासियों को बधाई दी और कहा कि संस्कृति एवं विज्ञान एक दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं तथा भारत की संस्कृति को विज्ञान विरोधी कहने वालों को कुछ मालूम नहीं है। उन्होंने लोकसभा में 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में हमारे राष्ट्र की उपलब्धियों के बारे में चर्चा' मे हस्तक्षेप करते हुए यह भी कहा कि 'चंद्रयान-3' की सफलता उन सभी लोगों के लिए गर्व का विषय है जो अपने राष्ट्र और राष्ट्र की उपलब्धियों पर गर्व करते हैं। सिंह ने कहा, ''चंद्रयान-3 की सफलता हमारे लिए निश्चित रूप से एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि एक तरफ दुनिया के अधिकांश विकसित देश हैं, जो हमसे कहीं अधिक संसाधन-संपन्न होते हुए भी, चांद पर पहुंचने के लिए प्रयासरत हैं, तो वहीं दूसरी तरफ हम बेहद सीमित संसाधनों से चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले देश बने हैं।'' रक्षा मंत्री ने वैज्ञानिक चेतना का उल्लेख करते हुए कहा, ''जब मैं यहां वैज्ञानिक चेतना की बात कर रहा हूं, तो उससे मेरा मतलब केवल कुछ वैज्ञानिक उपकरणों के विकास कर लेने भर से नहीं है। वैज्ञानिक चेतना से मेरा आशय है कि वैज्ञानिकता और तार्किकता हमारी सोच में हो, वह हमारे बात व्यवहार में हो, और वह हमारे स्वभाव में हो।'' उनका कहना था कि संस्कृति के बगैर विज्ञान, और विज्ञान के बगैर संस्कृति अधूरी है तथा दोनों को एक दूसरे का पूरक कहा जा सकता है, क्योंकि दोनों ही मनुष्यता के लिए जरूरी हैं। सिंह ने कहा कि संस्कृति के बगैर विज्ञान और विज्ञान के बगैर संस्कृति अधूरी है, संस्कृति और विज्ञान दोनों एक दूसरे से जुड़ने के बाद ही पूर्णता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि दोनों को एक दूसरे का पूरक कहा जा सकता है, क्योंकि दोनों ही मनुष्यता के लिए जरूरी हैं। उनके मुताबिक, ''कभी कभी कुछ लोगों द्वारा यह भी कहा जाता है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और वैज्ञानिक चेतना में फर्क है। यह भी कहा जाता है कि वैज्ञानिक चेतना वाले हैं तो आप पीपल की पूजा कैसे कर सकते हैं, गाय की पूजा कैसे कर सकते हैं, मूर्ति पूजा कैसे कर सकते हैं।'' भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने इस बात पर जोर दिया, ''भारत में यदि कोई व्यक्ति यह कहता है कि हमारी संस्कृति विज्ञान की विरोधी है तो मुझे लगता है कि उस व्यक्ति को न तो हमारी संस्कृति का स पता है, न ही विज्ञान का 'व' मालूम है।'' उन्होंने आगे कहा, ''हमारी आस्था, हमारी संस्कृति समावेशी है। हमारा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हमें अखिल मानवता के बंधुत्व का पाठ पढ़ाता है। हम सबने देखा कि काफी कठिन वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद, हम जी20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन कर सके, जहां घोषणापत्र पर सर्व सहमति जुटा सके।'' रक्षा मंत्री ने कहा कि चंद्रयान-3 की सफलता कोई अपवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सहस्त्राब्दियों से चली आ रही देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक धारा का सहज विकास है। उन्होंने कहा कि इस सफलता के सूत्र देश के अतीत में ही छिपे हैं।उन्होंने कहा, ''ऐसा अतीत, जहां वैज्ञानिकता एक स्वभाव के रूप में विद्यमान थी। जहां विज्ञान और आस्था के बीच एक सामंजस्य था। हालांकि विदेशी आक्रांताओं के चलते, कुछ समय के लिए, थोड़ा पिछड़ापन आ गया था, पर हम एक बार फिर से हुंकार भरते हुए पहले से भी अधिक ताकत के साथ उठ खड़े हुए हैं, और सूरज, चांद, तारे छूने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने सदन को यह भी बताया कि भारत द्वारा अब तक प्रक्षेपित किए गए 424 विदेशी उपग्रहों में से 389 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के पिछले नौ वर्षों में प्रक्षेपित किए गए हैं।

## डिंपल यादव का BJP पर वार, कहा- भाजपा सरकार की नीति और नियत पर भरोसा नहीं किया जा सकता


डिंपल यादव ने लोकसभा में भी महिला आरक्षण वंदन अधिनियम पर चर्चा में विधेयक का समर्थन तो किया था लेकिन यह भी कहा था कि जरूरी है कि पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों को भी इस आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए। डिंपल ने यह भी सवाल किया था कि क्या यह आरक्षण लोकसभा और विधानसभाओं के साथ-साथ राज्यसभा और राज्यों में विधान परिषदों में भी लागू किया जाएगा। महिला आरक्षण बिल में पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों को शामिल न करने को लेकर सपा सांसद डिंपल यादव ने भाजपा सरकार निति और नियत पर सवाल उठाए हैं। डिंपल ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि भाजपा सरकार की नीति व नियत पर भरोसा नहीं किया जा सकता। डिंपल यादव ने आगे लिखा, भाजपा का अस्तित्व पिछड़ी, अति पिछड़ी जातियों पर निर्भर है। यह सरकार नहीं चाहती कि



पिछड़ी और अति पिछड़ी जाति की महिलाएं संसद और विधानसभाओं तक पहुंचकर देश की आवाज़ बनें तथा उनको सामाजिक और राजनैतिक हिस्सेदारी मिले। बता दें, डिंपल यादव ने लोकसभा में महिला आरक्षण वंदन अधिनियम पर चर्चा में विधेयक का समर्थन तो किया, लेकिन यह भी कहा कि जरूरी है कि पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों को भी इस आरक्षण का लाभ प्रदान किया जाए। डिंपल ने यह भी सवाल किया था कि क्या यह आरक्षण लोकसभा और विधानसभाओं के साथ-साथ राज्यसभा और राज्यों में विधान परिषदों में भी लागू किया जाएगा। सपा नेता ने कहा कि क्रांति के बिना विकास संभव नहीं होता। विकास के लिए जरूरी है कि ओबीसी, एससी-एसटी और अल्पसंख्यकों को भी यह आरक्षण दिया जाए। डिंपल ने पूछा था कि क्या दोनों सदनों से इस बिल के पारित हो जाने के बाद महिला आरक्षण को तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और मिजोरम में इस साल होने जा रहे विधानसभा चुनावों में लागू किया जाएगा। सपा सांसद ने सरकार से पूछा कि जनगणना कब शुरू होगी और क्या सरकार जातिवार आंकड़े भी एकत्र करने जा रही है।

## मरीजों की जान लेने वाले अस्पतालों को नहीं बख्शेंगे, संजय गांधी अस्पताल विवाद पर बोले डिप्टी सीएम

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित किए जाने को लेकर बयान दिया है। अस्पताल का लाइसेंस निलंबित करने को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था। अमेठी के संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के मामले में विवाद बढ़ता जा रहा है। इस पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। अस्पताल की लापरवाही के कारण एक बेटी की जान चली गई। स्थानीय स्तर की टीम की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि हम पूरे प्रदेश के अस्पतालों को रेगुलराइज कर रहे हैं। लापरवाही के कारण मरीजों की जान लेने वाले अस्पतालों को बख्शा नहीं जाएगा। कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मुंसीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना के गांव राम शाहपुर निवासी अनुज शुक्ला की पत्नी दिव्या शुक्ला की मौत के मामले में संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर सभी सेवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसे लेकर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय सिंह की




अगुवाई में कर्मचारियों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की। कर्मियों ने निलंबन समाप्त करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट पहुंचकर संघ ने डीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। कहा है कि संजय गांधी अस्पताल में वह बीते 35 वर्षों से कार्यरत हैं। अस्पताल पर कार्रवाई से यहां के कर्मचारियों की आजीविका पर संकट पैदा हो गया है। संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि कर्मचारी संघ के हितों की रक्षा के लिए आर पार की लड़ाई होगी। यदि उनकी मांगों को अनसुना किया गया तो वह न्यायालय की शरण के साथ अनशन करेंगे। अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि कर्मचारियों के सामने सबसे बड़ा संकट परिवार के भरण पोषण का है। संजय सिंह परिहार ने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### सियासी विद्वेष की भावना से कार्रवाई करने का आरोप

मामले में कांग्रेस ने सियासी विद्वेष की भावना से कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। मरीजों के हितों में तत्काल अस्पताल की व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। इस संबंध में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय में मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि मरीज की मौत मामले की कमेटी बनाकर जांच कराई जाए। लेकिन अस्पताल में मरीजों का उपचार नहीं रोका जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल के पंजीकरण के निरस्तीकरण आदेश को तत्काल वापस लेने की मांग की है। बताया कि अस्पताल कई दशक से स्थानीय और आसपास के जनपदों के लोगों को न्यूनतम शुल्क पर बिना लाभ के स्वास्थ्य सुविधाएं दे रहा है।

## क्रिकेट विश्वकप से पहले बड़ा एक्शन, ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले एप पर चला चाबुक, छह हजार बैंक

क्रिकेट विश्वकप से पहले आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन गेमिंग-बेटिंग से धोखाधड़ी मामले में 9 एप और 27 अवैध वेबसाइट ब्लॉक कर दी हैं। 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खाते भी फ्रीज कर दिए हैं। 1600 करोड़ का ट्रांजेक्शन और 4.2 करोड़ होल्ड कराए हैं। ये चीन सहित अन्य विदेशी सर्वर पर संचालित हो रही थी। क्रिकेट विश्व कप से पहले ऑनलाइन सट्टे के नाम पर रकम हड़पने वाले विदेशी ठगों पर आगरा कमिश्नरेट की साइबर सेल ने बड़ी कार्रवाई की है। ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गेमिंग-बेटिंग के 9 एप और 27 वेबसाइट ब्लॉक कर दिए गए हैं। भारतीयों को ठगने के लिए एप और बेबसाइट चीन सहित अन्य विदेशी सर्वर पर संचालित हो रहे थे। जिनके जरिये लोगों को शुरुआत में जीत की रकम देकर झांसे में लिया जाता था। इसके बाद बड़ी रकम लेने के बाद ठगी की जाती थी। पुलिस ने 6 हजार बैंक और 18 हजार वर्चुअल खातों को फ्रीज कर 4.2 करोड़ रुपये होल्ड कराए हैं। इनमें एक साल में 1600 करोड़ रुपये का ट्रांजेक्शन हुआ है। रकम क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर विदेश ट्रांसफर की जाती थी। पुलिस लाइन में बुधवार को सट्टेबाजी के ऑनलाइन खेल की लाइव




डेमो के साथ पुलिस ने जानकारी दी। प्रेसवार्ता करते हुए पुलिस आयुक्त डॉ. प्रीतिंदर सिंह ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का पूरा खेल विदेशी सर्वर से चल रहा है। पुलिस को पता चला था कि स्टार इंडिया कंपनी के अधिकृत हॉस्टार, लाइव कंटेंट, लाइव गेम को थर्ड पार्टी एप एकबैट व वेब पोर्टल के माध्यम से चोरी कर दिखाए जाते हैं। इस संबंध में जून में थाना शाहगंज में मुकदमा लिखा गया था। साइबर सेल की टीम तेलंगाना और आंध्र प्रदेश तक गई। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि चीन, वियतनाम, फिलिपींस, रूस आदि के सर्वर के माध्यम से लाइव स्ट्रीमिंग की जाती है। अवैध बेटिंग, गेमिंग कराकर किराये के बैंक और वर्चुअल खातों से करोड़ों की रकम ट्रांसफर की जाती है। इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते हैं लिंक-अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले की जांच में खुलासा हुआ कि विदेशी ठग एप और वेबसाइट का लिंक इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, सिग्नल एप पर भेजते थे। डाउनलोड करने पर सब्सक्रिप्शन फीस के रूप में 500 रुपये तक लिए जाते थे। इसके बाद लाइव क्रिकेट मैच, फुटबॉल, रग्बी खेल दिखाकर रकम लगवाई जाती थी। पुलिस ने गृह मंत्रालय सहित सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से संपर्क किया। इसके बाद एप और साइटों को बंद कराया गया। पुलिस ने यह भी बताया कि एक वेबसाइट बंद होने पर साइबर अपराधी सप्ताह भर में नई तैयार कर लेते हैं। इसलिए पुलिस इन पर लगातार कार्रवाई कर रही है। सेल ने जब कड़ी से कड़ी जोड़ने की कोशिश की तो ऐसे लोग भी मिले, जिनके खातों से 70 से 80 लाख रुपये जमा कराए गए थे।

# संपादकीय Editorial

## Shimla away from crowd

It is not Shimla that is at fault, but the tradition which ignored the expectations of urbanization. Shimla came under the supervision of clouds during the monsoon session of the Assembly, otherwise the dream palaces of every MLA have been built here. Some MLAs believe that some unnecessary offices from Shimla should be sent to other parts of the state so that the crowd is reduced. The date of this step was fixed at the same time when former Chief Minister Virbhadra Singh shifted some offices from Shimla to the entire state or in keeping with the same tradition, later departmental decentralization reached the district courts. Administratively, Himachal also got zonal offices under Shimla, Mandi and Dharamshala, later adding to this, the Dhumal government also experimented with opening some regional offices in Hamirpur. During his Chief Ministership, Virbhadra Singh had made Dharamshala the formality of winter capital, apart from the capital Shimla, but the previous BJP government left holes in this campaign itself, as a result, further desired steps could not be taken from the Tapovan Assembly complex. On the other hand, additional offices of the Sessions Court of Kangra district were permanently established in Palampur, Noorpur and Dehra, but the political case of establishment of High Court bench in Dharamshala is still pending for forty years. Of course, many offices can be shifted from Shimla in the same way, like the Directorate of Fisheries in Bilaspur, the headquarters of School Education Board in Dharamshala and the head office of Ex-Servicemen Welfare Board and Finance Corporation are established in Hamirpur.

Some other offices are also at different places. If the Horticulture Directorate is shifted to Solan, Agriculture Department Headquarters to Palampur, Education and Sports and Youth Directorate to Dharamshala, Transport Headquarters to Hamirpur and Industries Directorate and Pollution Control Board headquarters to BBN, then Shimla will get the opportunity to meet the capital openly. The burden on Shimla can be reduced by classifying major administrative cities in Himachal. For example, if BBN is given the status of economic capital, then the entire banking sector will be shifted there, if Mandi is given the status of cultural capital and Sundernagar is given the status of electricity city, then Shimla will be heavily burdened in the center here. Similarly, in view of the relevance of Dharamshala being given the status of winter, sports and event capital, the headquarters of many departments can be shifted. With this the resolution of becoming a tourism capital will also be fulfilled. However, the MLAs are making this demand, but at the same time, the desire of the public representatives, who have been settling in Shimla due to their political importance, will also have to be stopped. This issue is not only about Shimla, but also about addressing the increasing urbanization in Himachal and the urban mentality spreading among the people. Till now, looking into the limits of urbanization, some municipal bodies and especially five municipal corporations have been formed, but the meaning of urbanization, financial needs, model of development and conditions of civic facilities have not been fulfilled. More than Shimla, the danger of overcrowding of religious places is coming to the fore, similarly new tourist destinations are also becoming ugly. Apart from a new vision in the development projects of places like Shri Nayana Devi, Deotsiddh, Chintpurni, Bir-Billing and Kasauli, the entire state will have to be brought under the ambit of TCP. As far as Shimla is concerned, an urban plan should be made within the surrounding twenty-twenty-five kilometer radius under the Capital Development Area.

# India-West Asia-European Economic Corridor: Internationalization of Dynamics

IMEC aims to facilitate trade between India, West Asia and Europe through a network of railway tracks and shipping routes. Seen in a way, this is the internationalization of Gati Shakti. It was announced at a special event organized during the New Delhi G-20 summit co-chaired by Prime Minister Narendra Modi and US President Joe Biden. The India-West Asia-Europe Economic Corridor (IMEC) is an important initiative that will take forward the Partnership for Global Infrastructure and Investment (PGII) envisioned by the G-7. The US, India, Saudi Arabia, UAE, France, Germany, Italy and the European Union have signed an MoU to work together for the development of the proposed corridor. The ambitious PGII initiative was launched during the G-7 summit in Germany for infrastructure partnerships with low and middle income countries. Purpose and trade of the corridor – Actually, the purpose of this corridor is to facilitate trade between India, West Asia and Europe through a network of railway tracks and shipping routes. Seen in a way, this is the internationalization of Gati Shakti. This revolutionary corridor has the potential to spur economic growth through better connectivity and economic integration between the two continents, thereby opening the door to sustainable and inclusive economic growth. It aims to usher in a new era of multimodal connectivity leveraging railways, ports and surface transportation. IMEC will consist of two separate corridors, the Eastern Corridor connecting India to the Arabian Gulf and the Northern Corridor connecting the Arabian Gulf to Europe. The Eastern Corridor will extend access from Mundra Port to Fujairah Port in UAE and then to Jordan via rail and from Jordan to Haifa Port in Israel via a dedicated freight corridor. Haifa is a major port located on Israel's Mediterranean coastline. The Northern Corridor will connect Haifa to France, Italy and Greece. Its benefits can be seen in the nature of economies, the dimensions of participation and the new institutional mechanisms that will be created over the next few years. In this context, it would also be appropriate to discuss the 'Development Pillar' here. In fact, in international economics, geographical symbols have been consistently linked to development. These "pillars" are those who create new patterns of development near themselves. Similarly, Malaria and Indonesia put forward the idea of a triangle of development, where three cities were linked together. Its objective has been to see how we can reduce the cost and competitiveness of exports and move towards building a joint market. Similarly, the idea of "economic corridor" has also been put forward. These concepts offer possibilities for expansion and integration within the ever-evolving economic landscape at the regional and multilateral levels. The corridor will change the future – It is also noteworthy that the economic corridor, using spatial perspectives, envisages a gradual progression of development corridors, starting from a transport corridor to a logistics corridor, from there to an economic corridor. corridor and then goes to the development corridor. IMEC can help in working collectively towards effective implementation of the inclusive and sustainable development agenda of the region it is joining. Member States will play an extremely important role in rebuilding the India-West Asia Economic Corridor, which was known as the Red Sea Route in ancient times. This route connected the Roman and Egyptian empires on the west coast with the Indian states of Gujarat, Maharashtra and Kerala. The Red Sea is one of the largest water sources mentioned in ancient history. It was important in Egypt's early maritime trade and was used as a water route to India. This new initiative also builds on another initiative, I2U2, launched in July 2022 by four nations, India, Israel, the US and the UAE – beneficial for multiple nations. This initiative seeks to strengthen trade and value chain linkages, and the I2U2 Innovation Center has been launched in Gurugram, Haryana. It also envisages an Agriculture Innovation Mission for Climate. With Italy joining the IMEC initiative, it is also expected to join I2U2 (making it I3U2). India has also tried to establish connections with countries where its trade interests are increasing. The recently signed Free Trade Agreement (FTA) with the UAE has opened up immense potential for expanding bilateral relations and strengthening trade cooperation. Currently, there is $85 billion in annual trade and $15 billion in investment with the UAE. India's imports with Saudi Arabia are $42 billion and exports are $11 billion; India's trade with Jordan is worth $3 billion. The launch of the proposed corridor also reflects several regional ambitions to identify new routes and connectivity measures to address challenges such as trade disruptions and protecting national economies from other emergencies. India-Myanmar Thailand Trilateral Highway (IMT) The highway) is being extended to Laos and Cambodia. Considering the immense potential for diversification in conjunction with the highway, on pursuing other major initiatives such as the Asia-Africa Development Corridor and the South East Asia-India-South West Asia-Europe Corridor to broaden the benefits and exports of the Indian manufacturing sector More emphasis can be given. Other steps such as the Abraham Accords between Israel, Bahrain and the United Arab Emirates to promote cooperation in West Asia are also indicative of the new dynamism as PGII seeks to connect these parallel efforts. As IMEC offers possibilities for sustainable solutions in terms of finance, ecology and above all ideology, India can hope to serve the purpose of a value-based economic framework. The need for strategic thinking should not be forced on this. It is also pertinent to mention that the success of 'Make in India' and Production Linked Incentive (PLI) schemes will crucially depend on the focused expansion of the Sagar Mala and Bharatmala initiatives to bridge ports and inland waterways between countries and continents. Will work to connect. With emphasis on 'Make in India' with low carbon emissions, IMEC can boost Indian manufacturing sector and exports. A major initiative towards employment. New corridor IMEC will lay cables to interconnect communities while promoting digital connectivity. Will also help. With increased people-to-people contact and participation of communities, we can ultimately aspire to sustainable economic growth and ensure inclusive outcomes through these. Several reviews have identified IMEC as a strategic partner for China's Belt and Road Initiative (BRI). Being seen as a credible challenge. It is pertinent to point out here that steps like IMEC for connectivity should be termed as development corridors, which can act as a development instrument to bridge the gap of uneven industrialization and development in different regions. These can help in creating more employment opportunities, increasing per capita income and reducing income inequalities. Thus, there is ample scope for various steps that are being contemplated now and may be discussed in the future. But the need for collective thinking should not be forced on this. It will always be accepted that the principle of national sovereignty can never be ignored or compromised. Countries that respect each other's sensitivities will ultimately be able to establish partnerships. As the world moves towards achieving the Sustainable Development Goals, not only for the benefit and well-being of humanity, but also for the protection of the environment at large, there is a need to ensure this delicate balance. There will be a need.

# Incomplete 'women power worship'

The new Women's Reservation Bill was introduced on the very first day in the new Parliament House. Union Law Minister Arjun Meghwal introduced the bill with the name 'Nari Shakti Vandan Act', but it is incomplete as of now. This bill talks about giving 33 percent reservation to women in the Lok Sabha, Legislative Assemblies and the National Capital Region House, but no provision has been made for reservation in the Rajya Sabha, Legislative Council etc. Only women from Scheduled Castes and Tribes will get reservation in various houses. Perhaps the ruling party should clarify during the debate why OBC, i.e. backward, Muslim and typical tribal women were left out! Women reservation will currently be for 15 years. Parliament has the right to extend the period later. It has been made clear in the bill that census will be conducted first. It will take more or less 2 years. Delimitation will be done after the census, on the basis of which seats will be reserved for women. This also requires at least 2 years. It is absolutely clear that the system of women's reservation will not be implemented for 4 years. After 2024, general elections will be held in 2029. The Women's Reservation Bill can be passed in both the houses only in the special session of the Parliament. If despite being passed and becoming a law, the system of women's reservation is not implemented, then why was this bill brought 6-7 months before the 2024 general elections? The present government came in May 2014. Before that, in March 2010, the Women's Reservation Bill was passed in the Rajya Sabha with the help and support of the BJP. Then Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister of the country. After being passed in the Rajya Sabha, the bill was sent to the Lok Sabha, hence it became the property of the Lok Sabha. When the tenure of the Lok Sabha ended with the 2014 elections, the Women's Reservation Bill was also repealed. This is a parliamentary system and Home Minister Amit Shah has also made it clear in the House. Congress leader in Lok Sabha Adhir Ranjan Choudhary is factually wrong that the bill is still alive in the Lok Sabha and Rajiv Gandhi had got the Women's Reservation Bill passed in the Lok Sabha during his tenure as Prime Minister. This false and misleading information is merely a part of the race for political credit. Actually the question should be asked that from May 2014 to 2023, why did Prime Minister Modi not take the initiative to pass this bill and ensure women's participation in the development of the country? There are still many challenging modalities associated with the bill as to how women's reservation will be implemented? Actually, this is incomplete worship of women power, however, passing of the bill will definitely create a political perception in favor of the Prime Minister and BJP that they are pro-women. Even in the 2019 general elections, BJP got about 36 percent women votes. About 29 crore women had used their franchise. Only 8 percent of India's 19 states have women MLAs and there are 78 women MPs in the Lok Sabha. In 2019, a total of 8049 candidates contested the elections, out of which only 716 were women. This is only 9 percent. Of the 78 women MPs currently in the Lok Sabha, 31 are women from political families. They don't care about reservation or general status. If we assess Indian women on the basis of 146 countries, their economic participation index is 142. We are also at 59th position in political empowerment. It is meaningless to talk about gender difference or other indices. How much the common woman will be affected by women's reservation and whether she will want to join the mainstream of politics is also a questionable situation. After delimitation, the number of seats in Parliament is certain to increase. 888 MPs will be able to sit in the new Lok Sabha. 80 Lok Sabha seats of Uttar Pradesh will increase to 147. Tamil Nadu's 39 seats will increase to 47. In this way the parliamentary seats of all the states will increase. There will be reserved seats for women.

# बमबाज फरार: इंस्पेक्टर के बेटे को नहीं पकड़ पाई पुलिस, एसएसपी बंगले के पास युवकों पर किया था हमला



मुरादाबाद-मुरादाबाद में एसएसपी बंगले के पास बमबाजी और फायरिंग करने के मुख्य आरोपी इंस्पेक्टर के बेटे को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उसकी तलाश में कई जगहों पर दबिश दी जा रही है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगाई गई है। सएसपी बंगले के पास शुक्रवार रात साथियों के साथ मिलकर देसी बम से हमला करने वाला इंस्पेक्टर का बेटा अर्जुन उर्फ सन्नी गुर्जर अब तक फरार है। उसकी गिरफ्तारी के बाद ही देसी बम बनाने वाले नेटवर्क तक पहुंचा जा सकता है। पुलिस टीम उसकी तलाश में कई जगह दबिश दे चुकी है लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला।

नागफनी के बंगला गांव निवासी विष्णु शुक्रवार रात बारह बजे अपने साथी बॉबी का जन्मदिन रामपुर रोड स्थित होटल में मनाकर लौट रहा था। सिविल लाइंस क्षेत्र में मॉडल शॉप के सामने अमरोहा क्राइम ब्रांच में तैनात इंस्पेक्टर राजपाल सिंह का बेटा अर्जुन उर्फ सन्नी गुर्जर ने उनसे मारपीट कर दी। इसके अलावा संभल में तैनात हेड कांस्टेबल राजेश सिंह यादव का बेटा दीपक उर्फ दीपू यादव, सहारनपुर में तैनात सिपाही का भाई पीयूष, कांशीराम नगर निवासी ललित सागर अपने अन्य साथियों के साथ आ गए। उन्होंने विष्णु और उसके साथियों पर बम से हमला कर दिया था। जिसमें विष्णु, पीयूष और ललित घायल हो गए थे। पुलिस ललित, अर्जुन बोरा और दीपू को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस घटना का मुख्य आरोपी अर्जुन उर्फ सन्नी अब तक फरार है। जेल भेजे गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि अर्जुन ही देसी बम लेकर आया था और उसने ही वर्चस्व की जंग में बम से हमला किया था। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## लव जिहाद को लेकर थाने पहुंचे भाजपाई,पुलिस से जताई नाराजगी

क्यूँ न लिखूँ सच

फतेहगंज पश्चिमी /पुलिस से मिले भाजपाई उन्होंने पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि चार दिन पहले दूसरे समुदाय के लड़के साथ गई लड़की को पुलिस अभी तक बरामद नही हो सकी आप जल्द से जल्द बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाये। गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुँचे और उन्होंने लब जिहाद को लेकर पुलिस से नाराजगी जताई।उन्होंने थाना प्रभारी से कहा कि पुलिस ने लड़की के पिता से अपनी मर्जी से तहरीर लिखवाकर दस्खत करा लिये।और मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन चार दिन बीत चुके है और लड़की की बरामदगी नही हो सही पुलिस इस केस में हीलाहवाली कर रही है।उन्होंने कहा कि लव जिहाद की एक ऐसी चिंगारी लगाई कि कस्बे के लोगो की भावनाओं का ज्वार भभक उठा। अभी थोड़ी शांति दिख रही है, लेकिन मन मस्तिष्क में अपनी बहू, बेटियों की सुरक्षा को लेकर अभी भी एक ज्वालामुखी भड़क रहा है। इसलिए पुलिस लड़की की शीघ्र बरामदगी कर आरोपि?यों की गिरफ्तारी की मांग की है। इस मामले में लड़की के परिजनों के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलवीर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, व्यापार मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता हरीश कातिब, ठाकुर संजीव सिंह, अखिल भारतीय वैश्य महा सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राम गुप्ता, डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, बंटी मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव शर्मा , आकाश गंगवार, बंटू चौधरी, कन्हैयालाल सक्सेना, सहित अन्य लोग नाराजगी जताने थाने पहुंचे। थाना प्रभारी ललित मोहन ने बताया कि पुलिस कार्यवाही कर रही है चार लोगों को उठाया है।दविस दी जा रही जो नम्बर मिले है वह सर्विलांस पर लगावा दिए है जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जायेगा।

# अंतर्सदनीय हिंदी सस्वर कविता पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार






रिठौरा।पद्मावती सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में बच्चों के वाचन कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से पद्मावती स्कूल और हैप्पी ट्रेल्स नवाबगंज के प्री. नर्सरी , नर्सरी और के. जी. के बच्चों के बीच अंतर्सदनीय हिंदी सस्वर कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चेयरमैन पारुष अरोरा, प्रिंसिपल ममता सक्सेना, एवं कोआर्डिनेटर शिवानी सूरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की । इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न विषयों से संबंधित सारगर्भित और मनोरंजक कविताओं का हाव-भाव से परिपूर्ण सस्वर वाचन कर सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडली में शामिल कोऑर्डिनेटर शिवानी सूरी और रवजीत बग्गा ने विजेताओं के नाम घोषित किए जिसमें पद्मावती स्कूल से प्री नर्सरी की छात्रा दक्षिता प्रथम, तनिष्क और अधिराज क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। नर्सरी क्लास से कृशांगी प्रथम , हैपी ट्रेल्स के गुनराज दूसरे स्थान पर वानी गुप्ता तीसरे स्थान पर रहे।के. जी क्लास से हैपी ट्रेल्स स्कूल की हरगुन प्रथम और पद्मावती स्कूल की पीहू गंगवार दूसरे व हैपी ट्रेल्स के शिवाय तीसरे स्थान पर रहे।कोआर्डिनेटर शिवानी सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है। प्रिंसिपल ममता सक्सेना ने सभी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कविता पठन - पाठन से बच्चों का उच्चारण बेहतर होता है और वे अपनी क्षमता का प्रदर्शन भी कर पाते है।कार्यक्रम को सफल बनाने में किंडरगार्टन की टीचर्स और बच्चों के पेरेंट्स की अहम भूमिका रही। संचालन यति ग्रोवर ने किया। साथ ही आज विश्व शांति दिवस के अवसर पर कोऑर्डिनेटर शिवानी सूरी ने बच्चों को विश्व शांति दिवस की जानकारी देते हुए कहा यह दिवस विश्व के सभी राष्ट्र और लोगों के बीच स्वतंत्रता, शांति, अहिंसा और खुशी का संदेश देने वाला है।आज अंधाधुंध विकास व प्रगति की दौड़ में विश्व दिन प्रतिदिन अशांत माहौल व युद्ध की ओर खिंचा चला जा रहा है हमें प्रयास करना होगा कि हम सभी मिल कर एक स्वस्थ वातावरण व मानवता के सभी भेदों से ऊपर उठने व शांति के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प लें।

# रेलवे का यात्रियों को तोहफा, टिकट के लिए नहीं होना होगा परेशान; त्योहारों के लिए हुए खास इंतजाम

मुरादाबाद-त्योहारों पर छुट्टी के समय ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा करना शुरू कर दिया है। बुधवार पहली पूजा स्पेशल ट्रेन दरभंगा-दौराई के बीच सात अक्टूबर से नौ दिसंबर तक चलाने की घोषणा की है। इसके अलावा तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। त्योहारों की शुरूआत 15 अक्टूबर से शुरू होकर 18 नवंबर के बीच होनी है। त्योहारों पर छुट्टी के समय ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा करना शुरू कर दिया है। बुधवार पहली पूजा स्पेशल ट्रेन दरभंगा-दौराई ( राजस्थान ) के बीच सात अक्टूबर से नौ दिसंबर तक चलाने की घोषणा की है। इसके अलावा तीन ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए जाएंगे। दुर्गा पूजा, नवरात्रि, दीपावली व छठ पूजा 15 अक्टूबर से शुरू होकर 18 नवंबर के बीच होना है। इस दौरान किसी भी ट्रेनों में कंफर्म बर्थ उपलब्ध नहीं हैं। दीपावली व छठ पूजा के समय कुछ ट्रेनों में वेटिंग तक का टिकट मिलना बंद हो गया है रेलवे तैयार कर रहा प्रस्ताव- त्योहार मनाने जाने वाले यात्री जिससे कंफर्म बर्थ नहीं मिल रहा है, वह काफी परेशान है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का प्रस्ताव तैयार करा है। इसी बीच रेलवे पहली पूजा स्पेशल ट्रेन दरभंगा-दौराई के बीच चलने जा रही है। यह ट्रेन मुरादाबाद मंडल होकर चलेगी। यह ट्रेन सात अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलेगी। प्रत्येक शनिवार दरभंगा से दोपहर 1.15 बजे चलकर प्रत्येक रविवार की रात 10¬30 बजे दौराई पहुंच जाएगी।मंगलवार सुबह पहुंचेगी दरभंगा -प्रत्येक रविवार को दौराई से रात 11¬45 बजे चलकर प्रत्येक मंगलवार सुबह 6¬50 बजे दरभंगा पहुंच जाएगी। यह ट्रेन सीतापुर, शाहजहांपुर, मथुरा होते हुए चलेगी। इस ट्रेन में जनरल, स्लीपर व एसी कोच लगाए जाएंगे। गुरुवार से इस ट्रेन में आरक्षण टिकट मिलना शुरू हो जाएगा। इस दौरान गाजीपुर-कटडा एक्सप्रेस, दिल्ली-रायबरेली पदमावत एक्सप्रेस, दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस में एक एक स्लीपर कोच लगाए जाएंगे। सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि पहली पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। अन्य ट्रेनें चलाने की घोषणा भी शीघ्र किया जाएगा।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय ठाकुरद्वारा में खाने-पीने व रहने की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहें अधिकारी इसको सुनिश्चित करें

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बी0एस0ए0 को पैरामीटर के सही आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएम ने भगतपुर टांडा में हो रहे स्कूल निर्माण की प्रगति के बारे में पूछा तथा कहा कि निर्माण कार्य के मैटेरियल में अच्छी क्वालिटी की सामग्री का उपयोग किया जाना चाहिए। स्कूलों में बन रहे शौचालयों में टाईलीकरण अवश्य हों इसको सुनिश्चित किया जाये। स्कूलों के विद्युत का भुगतान समय पर हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि जो स्कूल भवन जर्जर हो गये हैं उनको ध्वस्तीकरण करके नया स्कूल भवन बनाया जाये। डीएम ने समस्त एसडीएम/तहसीलदारों को निर्देशित किया कि निरन्तर स्कूलों में विजिट करते रहे तथा अपने दायित्वों को अच्छी तरह निर्वहन कर बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण करवायें। बैठक में कस्तूरबा गांधी विद्यालय ठाकुरद्वारा में खाने, पीने व रहने की स्थिति के बारे में जिलाधिकारी ने पूछते हुए कहा कि व्यवस्थाओं में कोई कमी न रहें इसको सुनिश्चित किया जायें। समथ प्रणाली दिव्यांग बच्चों की अद्यतन स्थिति के संबंध में आरबीएस की टीम को निर्देशित किया कि दिव्यांग बच्चों की सूची बनाए जिससे ऐसे बच्चें लाभान्वित हो सकें। डीएम ने आधार फीडिंग के बारे में जानकारी लेते हुए बच्चों का आधार फीडिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में सी0डी0ओ0, ज्वाइंट मजिस्टेऊट, डीपीआरओ, बी0एस0ए0, बी0डी0ओ0, खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।




# के0सी0एम0टी0 में नैतिक मूल्यों व आदर्शो पर व्याख्यान



क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार

रिठौरा। खण्डेलवाल कॉलेज में वृहस्पतिवार को महानिदेशक डॉ अमरेश कुमार के द्वारा प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए नैतिक मूल्यों व आदर्श विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

महानिदेशक ने बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं ।परंतु दिन प्रतिदिन इन मूल्यों का हास होता जा रहा है। वर्तमान परिदृश्य में समय की मांग के अनुसार इनका संरक्षण अति आवश्यक है ।साथ ही विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, समयबद्धता, नम्रता ,लक्ष्य निर्धारण ,सहानुभूति ,परानुभूति जैसे गुणों के विकास पर जोर देते हुए अपने अनुभव साझा करते हुए सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस व्याख्यान में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा संकाय की प्रवक्ता मीनू कनोत्रा द्वारा किया गया।इस मौके पर महाविद्यालय का तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# दहेज नहीं लाने पर पति ने दिया तीन तलाक, देवरों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप, सात के खिलाफ केस

मुरादाबाद-महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके पति ने दहेज नहीं लाने पर उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया है। आरोप लगाया कि देवरों ने नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोशी की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विवाहिता के आरोपों की जांच की जा रही है। मुरादाबाद के डिलारी थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने देवरों पर सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया उसकी शादी 15 सितबंर 2021 को हुई थी। शादी में कार नहीं मिलने पर पति और ससुराल वाले नाखुश थे। इसके बाद आरोपियों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया था। दहेज में कार की मांग पूरी नही होने पर तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। इसके बाद पंचायत में फैसला होने के बाद पति महिला को दोबारा अपने घर ले गया था। महिला ने आरोप लगाया है कि देवरों ने नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्ड ड्रिंक पिला दी। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। देवरों ने दुष्कर्म करने के बाद महिला को भोजपुर क्षेत्र में फेंक दिया था। होश में आने के बाद महिला अपने मायके पहुंची और मायके वालों को आपबीती सुनाई। इसके बाद वह थाने पहुंची और तहरीर देकर केस दर्ज करा दिया। एसपी देहात संदीप कुमार मीना ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने जहर खाकर दी जान

मझोला थाना क्षेत्र पेपटपुरा में 24 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। अमरोहा के नहेड़ा निवासी भरत मझोला के पेपटपुरा स्थित अपनी ससुराल में पत्नी सुधा और बच्ची दिव्यांशी के साथ रहता था। वह फर्म में काम करता था। बुधवार सुबह सुधा ने बच्ची को बुखार की दवा दिलाए जाने की बात कही। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर भरत सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे और भर्ती करा दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सैस्टोवॉल चैम्पियनशिप का आयोजन शनिवार को

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रदीप कुमार

रिठौरा।दो दिवसीय उत्तरी राष्ट्रीय सैस्टोवॉल चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार से आयोजित होगी। जिसमें 250से अधिक खिलाड़ी देश के उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, एनसीआर, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश से भाग लेंगे।इस सन्दर्भ में वृहस्पतिवार को हुई पत्रकार वार्ता में सोबती पब्लिक स्कूल से सत्यम, दिल्ली पब्लिक स्कूल से सर्वेश यादव,बीबीएल पब्लिक स्कूल से दीपक गुप्ता,सैंट फ्रान्सिस से धर्मेन्द्र शर्मा, आशीष,पारूष अरोड़ा चेयरमैन प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने संयुक्त रूप से इस सन्दर्भ में जानकारी दी है।

# दबंग लोगों ने धारदार हथियार फरसा मार कर घायल किया

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार

रिठौरा। रिटायर्ड फौजी और उसके भाई को दबंग लोगों ने धारदार हथियार फरसा मार कर घायल कर दिया।सूचना पर पहुंची डायल 112पुलिस ने फौजी और उसके भाई को थाने में बंद कर दिया। फौजी की पत्नी ने एसएसपी से घटना की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार हाफिजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मुबारिक पर निवासी महिला मीना देवी ने एसपी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसके पति कुंवर सेन भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। उसके देवर रामचंद्र और उनकी पत्नी भूरी पिछले काफी समय से उनके घर पर ही खाना खाते हैं।उनके कोई संतान नहीं है।आरोप है कि उसके गांव के दबंग अजीत और गुड्डू इस बात से रंजिश मानते है।इनकी नजर रामचंद्र की जायदाद पर है।बीस सितंबर की रात में नौ बजे अजीत उसका भाई गुड्डू और उसकी मां उर्मिला देवी लाठी डंडा और धारदार हथियार फरसा लेकर रामचंद्र के घर में घुस आए। आरोप है कि दबंग उनको गालियां बक रहे थे और मार पीट रहे थे ।शोर होने पर पीड़ित महिला का पति रिटायर्ड फौजी बचाने पहुंचा तब दबंगों ने फौजी और उनके भाई रामचंद्र को फरसा मार कर घायल कर दिया ।। पर 112 डायल पुलिस सेवा की गाड़ी पहुंची।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# सरकार जनहित मुद्दों से भटकी – रामाशीष राय

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




झाँसी। राष्ट्रीय लोकदल का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय होटल प्रकाश रेजिडेंसी में संपन्न हुआ। जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष/ पूर्व विधान परिषद सदस्य रामाशीष राय एवं विशिष्ट अतिथि अशोक निरंजन पूर्व प्रदेश सचिव रालोद ने सर्व प्रथम चौधरी चरण सिंह बेतवा भवन पहुंचकर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत्पश्चात कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार जनहित मुद्दों से भटक चुकी है। लोकसभा चुनाव 2024 में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। रालोद के छात्र नेता देवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में इलाईट चौराहा के पास स्वागत के दौरान रामाशीष राय ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की जान होता है।

आने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ता मजबूती से जहां-जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हों, उनको जिताने को जुट जाएं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय रावत प्रदेश प्रवक्ता रालोद ने की। सम्मेलन में नीरज पटेल युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष बुंदेलखंड रालोद, ज्योति कुशवाहा क्षेत्रीय अध्यक्ष बुंदेलखंड सामाजिक न्याय मंच, डॉ. अनिल त्रिपाठी, घनाराम राजपूत बराठा, राकेश कुशवाहा नीरज यादव ऋष्ठ जिला प्रवक्ता, भान पटेल, परमानंद कुशवाहा, पुष्पेंद्र दांगी, जयशंकर, लोकेंद्र सिंह पटेल, संजय यादव, शिशुपाल पटेल, सुरेंद्र पाल, जयपाल पटेल, संतोष प्रजापति, नीरज श्रीवास, ठाकुरदास अहिरवार, दीपक विश्वकर्मा, बलवीर यादव, आनंद यादव, नेता अनिल यादव, सौरभ प्रजापति, राजू प्रजापति, रिंकू नामदेव, गौरी शंकर पटेल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसका संचालन दिनेश भार्गव ने किया। सभी का आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष नितिन कुमार ने किया।

# गांव में चौपाल लगा कर दी आग से बचाव की जानकारी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास




